Chapter- 11

सबक

STUDY NOTES

कहानी का साराशं-

एक घने जंगल में चीनी गिलहरी अपने परिवार के साथ रहती थी वह बहुत चंचल और शरारती थी। जंगल के दुसरे जानवर चीनी गिलहरी की शैतनियों से बहुत परेशान रहते थे। चीनी गिलहरी जंगल के हर जानवरों का कुछ ना कुछ नुकसान जरूर करती थी। एक दिन की बात है, चीनी, सुदंर खरगोश के खेत में घुसकर उसके लगाए हुए सारे गाजर के पौधों को उखाड़कर खेत से बाहर फेंक दिया। सुदंर खरगोश ने उसे पकड़ने की कोशिश की पर उसे नहीं पकड़ पाया। बेचारा बहुत दुखी होकर अपने खेत के पास बैठा रहा, तभी वहाँ से चीकू बंदर जा रहा था, वह सुंदर खरगोश को दुखी देखकर उसके पास आया और उसे दुखी होने का कारण पुछा तभी सुंदर ने कहा चीकू भाई चीनी ने आज फिर मेरे खेतों में घुसकर मेरे सारे गाजर के पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया। यह सुनकर चीकू बंदर को बहुत गुस्सा आया उसने सुदंर बंदर से कहा अब चीनी को सबक सिखाना ही पडेगा। फिर सुंदर और चीकू मिलकर एक योजना बनाते हैं। चीकू एक छोटा सा खेत तैयार करता है, जिसमें वह मूली लगा देता है, उसे पूरा यकीन था की चीनी जरूर आएगी। चीकू ने जैसा सोचा था, वैसा ही हुआ चीनी खेत के पास आई और खुशी से खेत में घुस गई, अरे ये क्या हुआ चीनी अचानक खेत से रोती हुई बाहर निकली और जमीन पर लोटने लगी और ज़ोर ज़ोर से चिल्ला रही थी मुझे बचाओ – बचाओ, तभी दूर बैठे चीकू और सुंदर उसके पास गए और अनजान बनते हुए उन्होंने चीनी से पूछा क्या हुआ क्यों रो रहे हो। सबको परेशान करने वाला आज खुद इतना परेशान क्यों है, तभी चीनी ने कहा आप सब मुझे माफ़ कर दिजीए, अब मैं समझ गई हुं किसी को परेशान करके मजा लेना अच्छी बात नहीं है, तभी चीकू ने कहा चीनी अब से तुम यह वायदा करो की कभी किसी को परेशान नहीं करोगी, चीनी कहती है, मैं अब किसी को परेशान नहीं करूँगी, तभी सुंदर चीनी को दवा लगा देती है वह ठीक होता है, इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है की अपनी खुशी के लिए हमें कभी भी किसी को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए।

अभ्यास के लिए

मौखिक :

१. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) गिलहरी का नाम क्या था ?

उ- गिलहरी का नाम चीनी था।

ख) उसकी क्या आदत थी ?

उ - किसी न किसी जानवर का नुकसान करना उसकी आदत बन चुकी थी।

ग) सुंदर खरगोश ने खेत में क्या उगाया था ?

उ - सुंदर खरगोश ने खेत में गाजर उगाया था।

घ) चीकू बंदर ने सुंदर खरगोश से क्या कहा ?

उ - चीकू बंदर ने सुंदर खरगोश से यह कहा की अब चीनी खरगोश को सबक सिखाना ही पडेगा।

ङ) कौन दवा लगा देता है ?

उ - सुदंर चीनी को दवा लगा देता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित :

२. किसने कहा ?

क) 'क्या हुआ सुंदर ? तुम इतने उदास क्यों हो ?'

उ - यह वाक्य चीकू बंदर ने सुंदर खरगोश को कहा था।

ख) 'चीनी की शरारतें दिन पर दिन बढती ही जा रही है।'

उ - यह वाक्य चीकू बंदर ने सुंदर खरगोश को कहा था।

ग) 'हाँ चीकू भाई ! पर हम करेगें क्या ?

उ - यह वाक्य सुंदर खरगोश ने चीकू बंदर से कहा था।

घ) 'मुझे बहुत खुजली हो रही है ? कुछ तो करो ?

उ - यह वाक्य चीनी ने सुंदर और चीकू से कहा था।

ङ) 'मुझे माफ कर दो।'

उ - यह वाक्य चीनी ने सुंदर से कहा था।

३. रिक्त स्थान भरिए -

क) चीनी गिलहरी बहुत ही शरारती और चंचल थी।

ख) जंगल के सभी जानवर बहुत परेशान थे।

ग) चीनी ने सारी गाजरें खेत से उखाडकर फेंक दी।

घ) आँखों में आँसू भरकर सुंदर ने बताया।

ङ) वे दोनों मिलकर एक योजना बनाते हैं।

४. प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) चीनी गिलहरी कैसी थी ?

उ - चीनी गिलहरी बहुत चंचल और शरारती थी।

ख) सुंदर खरगोश ने चीकू बंदर को क्या बताया ?

उ - सुंदर खरगोश ने चीकू बंदर को यह बताया की फिर से चीनी गिलहरी ने उसके खेतों में लगे सारे गाजरों के पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया है।

ग) चीकू ने सबक सिखाने के लिए क्या किया ?

उ - चीकू ने चीनी गिलहरी को सबक सिखाने के लिए एक छोटा सा खेत तैयार करता है, जिसमें खुजली की दवाई डाल देता है।

घ) चीनी गिलहरी ने चिढते हुए क्या कहा ?

उ - चीनी गिलहरी ने चिढते हुए कहा 'मुझे बचाओ मेरी मदद करो।'

ङ) अंत में चीनी को क्या समझ आया ?

उ - अंत में चीनी को यह समझ में आया की किसी को परेशान करके मज़े लेना अच्छी बात नहीं है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

५. मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) हमें दूसरों का नुकसान क्यों नहीं करना चाहिए ?

उ - हमें दूसरों का नुकसान इस बजह से नहीं करना चाहिए क्योंकि जब हम दूसरों का बूरा करने की सोचते हैं तो सबसे पहले हमारा ही बूरा हो जाता है, इस बजह से हमेशा सबका भला सोचना चाहिए बुरा नहीं।

ख) इस कहानी से क्या संदेश मिलता है ?

उ - इस कहानी से हमें यह संदेश मिलता है की हमे कभी भी दूसरों को परेशान नहीं करना चाहिए ना ही कभी किसी का बूरा सोचना चाहिए।

भाषा-ज्ञान :

६. विलोम शब्द लिखें।

क) चीकू ने <u>क्रोध</u> से कहा।

उ - चीकू ने <u>शांति</u> से कहा।

ख) दोनों <u>हँसने</u> लगे।

उ - दोनों <u>रोने</u> लगे।

ग) <u>परेशान</u> हो रही हो।

उ - <u>खुश</u> हो रही हो।

७. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द।

क) जल में रहने वाला जीव - जलचर

ख) नभ में विचरने वाला जीव - नभचर

ग) भू (धरती) पर रहने वाला - भूचर

घ) एक साथ रहने वाला – सहचर

८. वर्ण-विच्छेद।

क) शरारती = श् + अ + र् +आ + र् + अ + त + ई

ख) उदास = उ + द् + आ + स् + अ

ग) सबक = स् + अ + ब् + अ + क् + अ

घ) विश्वास = व् + इ + श् + व् + अ + स् + अ

ङ) अचानक = अ + च् + आ + न् + अ + क् + अ

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow